NT>

Title: Need to provide adequate funds for maintenance of National highways in Madhya Pradesh.

श्री रामानन्द सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदय, मध्य-प्रदेश में इस वर्ष सोयाबीन की खरीफ फसल में रक्ट की बीमारी लगने से किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ी है। गत वर्ष अत्यधिक वर्षा से सोयाबीन की फसल खेत व खलिहान में ही सड़ गई थी व अधिकांश खलिहान में ही उग आई थी। इस वर्ष किसानों ने सरकार से अत्यन्त महंगी दर पर सोयाबीन खरीदकर बोया था, जो ६० से ७० प्रतिशत तक जर्मिनेशन नष्ट होने से उगा ही नहीं तथा जो उगा भी, वह रक्ट की बीमारी से बर्बाद हो गया, जिससे किसानों को भारी क्षति उठानी पड़ी है। स्थिति यह है कि अब मध्य-प्रदेश में किसानों के पास अगली फसल में बोने के लिए भी सोयाबीन के बीज उपलब्ध न होंगे।

अतः भारत सरकार से आग्रह है कि मध्य-प्रदेश में सोयाबीन फसल को रक्ट से हुई बीमारी के नुकसान का आकलन मंगाये तथा १० एकड़ से कम वाले छोटे किसानों को क्षतिपूर्ति की व्यवस्था कराये व अगले वर्ष के बीज की व्यवस्था भी करे।